पत्रिका

# फैशन के नाम पर फ्रॉड : बरेली में बनाई जा रहीं थी ज़ारा टी-शर्ट , पुलिस ने मारा छापा, सैकड़ों टी-शर्ट बरामद




**बरेली**। बहेड़ी नगर पालिका मार्केट में नकली ज़ारा (ZARA) ब्रांड की टी-शर्ट बनाते हुए एक कारखाना रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस और कंपनी के प्रतिनिधियों की संयुक्त कार्रवाई में इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।

648 नकली टी-शर्ट और 1025 लेबल बरामद

पुलिस ने कारखाना मालिक मोहम्मद तस्लीम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। छापे के दौरान मौके से 648 तैयार नकली ज़ारा टी-शर्ट और 1025 ब्रांडेड लेबल बरामद किए गए।
ZARA कंपनी के फील्ड ऑफिसर शत्रुघ्न द्विवेदी और उनके सहयोगी विनायक को लंबे समय से नकली माल की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद उन्होंने बहेड़ी पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की।

Source: https://www.patrika.com/up-news/fraud-in-the-name-of-fashion-zara-t-shirts-were-being-made-in-bareilly-police-raided-hundreds-of-t-shirts-recovered-19797281